## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–07.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड विधानसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष बना दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है।

*****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से झारखंड लोक सेवा आयोग (JPSC) के नवनियुक्त अध्यक्ष एल. खियांग्ते और नीलांबर–पीतांबर विश्वविद्यालय, पलामू के कुलपति डॉ. डी.के. सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने जेपीएससी अध्यक्ष से नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता लाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कुलपति को विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और सत्र नियमित करने के निर्देश दिए।

*****************

आज जन औषधि दिवस है। जेनेरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जन औषधि दिवस लोगों को उच्च गुणवत्ता और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह दिवस स्वस्थ और फिट इंडिया का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण दवाएं अब देश के हर कोने तक पहुंच रही हैं और जन औषधि मॉडल अब दुनिया को प्रेरित कर रहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा कि जन औषधि योजना ने लोगों तक उच्च गुणवत्ता वाली किफायती दवाइयां पहुंचाने का काम किया है।

*****************

झारखंड में भी इस योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है और जेनरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा मिला है। साहिबगंज जिले के लाभुकों ने कहा है कि जन औषधि केंद्र उनके लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

*****************

इधर, गुमला जिले में पिछले एक साल से अधिक समय से प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का संचालन बंद है जिसके कारण यहां के मरीजों को केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस मामले पर सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार ने बताया कि जन औषधि केन्द्र के लिए सदर अस्पताल में एक कमरा उपलब्ध कराया गया है अगले एक सप्ताह में दवा वितरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

*****************

इधर धनबाद जिले के में पूर्व विधायक और भाजपा नेत्री सीता सोरेन के निजी सहायक देवाशीष मनोरंजन घोष को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक नौशाद आलम ने बताया कि पैसे के विवाद में यह घटना हुई और आरोपी के पास से देशी पिस्टल बरामद की गई।

*****************

जन शिकायतों के समाधान के लिए रांची जिला प्रशासन की ओर से **अबुआ साथी व्हाट्सएप नंबर** जारी किया गया है।

*****************

पाकुड़ नगर थाना पुलिस ने चापाडांगा रेलवे फाटक के पास टोटो सहित भारी मात्रा में देशी शराब जब्त की। कार्रवाई के दौरान टोटो चालक और शराब कारोबारी फरार हो गए।

*****समाप्त*****